आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 03.09.2020

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, में दिनांक 01 सितंबर 2020 से 14 सितंबर 2020 तक राजभाषा पखवाड़ा–2020 का आयोजन किया जा रहा है।

राजभाषा पखवाड़ा के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया गया है। इसी कम में दिनांक 03.09.2020 को आरेडिका स्थित 'आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी' पुस्तकालय में शब्द अनुवाद एवं पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए आरेडिका के लगभग 40–45 कर्मचारियों ने भाग लिया ।

इस प्रतियोगिता का आयोजन आरेडिका के मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री एम. के. अग्रवाल एवं राजभाषा अधिकारी श्री नीरज श्रीवास्तव कि देख–रेख में संपन्न हुआ।

इस दौरान आरेडिका के वरिष्ठ सामग्री प्रबंधक श्री संजय निगम सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

(वी.के. दूबे) 03/09/2020
मुख्य जन–संपर्क अधिकारी